बीएआरसी न्यूज़लैटर

BARC NEWSLETTER

ISSUE NO. 298 | NOVEMBER 2008

IN THIS ISSUE

BARC CELEBRATES FOUNDER'S DAY

Homi Bhabha Birth Centenary Year
30 October 2008-30th October 2009

In the forthcoming issue

Structural Integrity of Main Heat Transport System Piping of AHWR

The structural integrity of the Main Heat Transport (MHT) System Piping of the Advanced Heavy Water Reactor (AHWR), is of crucial importance, as this new reactor is being designed for an operating life of one hundred years. The core issues related to structural integrity of the MHT system piping, can be categorized into four groups: Selection of material; Life limiting material degradation mechanism; Optimization of welding process and Leak-Before-Break design criteria. The above article covers these and other related issues in detail.

बी एआरसी न्यूज़लैटर
BARC NEWSLETTER

CONTENTS

BARC celebrates Founder's Day 2

संस्थापक दिवस 2008
डॉ. अनिल काकोडकर
अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग द्वारा संबोधन 3

Address by Dr. Anil Kakodkar, Chairman
Atomic Energy Commission 6

डॉ. श्रीकुमार बॅनर्जी , निदेशक, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
द्वारा संस्थापक दिवस पर संबोधन 9

Address by Dr. Srikumar Banerjee,
Director, BARC 17

XX DAE All India Essay
Writing Contest 26

Chairman, Atomic Energy Commission,
presents awards for the year 2007 29

Prime Minister launches the Birth Centenary
Celebrations of Dr. H.J. Bhabha 33

प्रधान मंत्री द्वारा डॉ. होमी जहांगीर भाभा की जन्म शताब्दी
समारोह का शुभारंभ एवं संदेश 35

Prime Minister's address on the occasion of the launch of
the Birth Centenary Celebration of Dr. H. J. Bhabha 37

BARC celebrates National Technology Day 40

भा.प.अ. केंद्र के वैज्ञानिकों को सम्मान
BARC Scientists Honoured 43

URL:http://www.barc.gov.in

BARC CELEBRATES FOUNDER'S DAY

The Bhabha Atomic Research Centre celebrated the 99th birth anniversary of it's founder, Dr. Homi Jehangir Bhabha, on the 30th October, 2008. The first session of the programme was initiated by Dr. S. Banerjee, Director, BARC, who addressed the BARC fraternity. Dr. Anil Kakodkar, Chairman AEC and Secretary to the Govt. of India, also addressed the gathering of BARC Scientists and Engineers. In the second session at the Central Complex auditorium, prizes were given to the winners of the 20th DAE All India Essay Writing Contest in Nuclear Science & Technology and the Industrial Safety Shields and Awards were also presented by Dr. Anil Kakodkar. Later, he released a book on Dr. Homi Bhabha and also the Founder's Day Special Issue of the BARC Newsletter. The third session marked the presentation and distribution of the DAE (Excellence in Science, Engineering and Technology) Awards for the year 2007, by Dr. Kakodkar. In the evening session, Dr Manmohan Singh, the Honourable Prime Minister of India, launched the Birth Centenary Celebrations of Dr. Homi Bhabha. Through a video conference link from New Delhi, he addressed the scientific community at BARC. Dr. Singh gave away the DAE Lifetime Achievement Awards to five DAE Scientists. Dr. Singh also inaugurated six new BARC facilities. These were:

1. Nuclear Desalination: Multi Stage Flash Evaporation Plant, Kalpakkam
2. Barge mounted Desalination Plant
3. New Training School Complex, Anushakti Nagar, Mumbai
4. Critical Facility for AHWR, Trombay
5. New Hot Cell Facility, Trombay and
6. Electron Beam Centre, Navi Mumbai.

At the end of the programme, Dr. Kakodkar proposed a vote of thanks to the Honourable Prime Minister and other dignitaries on the dais.

The verbatim text of the addresses by Dr. Manmohan Singh, Dr. Anil Kakodkar and Dr. S. Banerjee and a brief summary of the events and activities on that day, are detailed in this issue.

बीएआरसी न्यूज़लैटर
BARC NEWSLETTER

संस्थापक दिवस 2008
डॉ. अनिल काकोडकर
अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग द्वारा संबोधन

डॉ. अनिल काकोडकर अध्यक्ष परमाणु ऊर्जा आयोग, संस्थापक दिवस पर संबोधन करते हुए

"प्रिय साथियो,

प्रतिवर्ष की भांति यहां हम आज अपने संस्थापक डॉ. होमी जहांगीर भाभा को उनके 99वें जन्म दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज हम डॉ. होमी भाभा, जिन्होंने देश में परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम हेतु हमें एक दृष्टि दी, के जन्म शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। आज अपराह्न 5.00 बजे हमारे प्रधानमंत्री द्वारा पूरे वर्ष चलने वाले होमी भाभा जन्म शताब्दी वर्ष के समारोहों का उद्घाटन किया जाएगा।

आज हम एक नये युग, एक ऐसे युग की दहलीज पर खड़े हैं जिसमें हम परमाणु शक्ति की तैनाती को तेज करने तथा भविष्य को देखते हुए परमाणु विद्युत प्रौद्योगिकी की सीमाओं को और आगे बढ़ाने की अभिलाषा रखते हैं। इस प्रक्रिया में डॉ. भाभा द्वारा हमें प्रदान की गयी त्रि-चरणीय दृष्टि हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।

प्रौद्योगिकीय रूप से हमने अच्छा कार्य किया है। अब हमारे पास एक सशक्त दाबित भारी पानी रिएक्टर प्रौद्योगिकी है जिसका कार्य निष्पादन विश्व स्तर का है तथा एक विश्व स्तरीय प्रगत फास्टब्रीडर रिएक्टर प्रौद्योगिकी है जिससे हम यह आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में उसकी भूमिका उत्तरोत्तर बढ़ती जाएगी। बड़े पैमाने पर थोरियम का उपयोग हमारा अन्तिम लक्ष्य है क्योंकि अन्तिम रूप से हमारी संभावित ऊर्जा स्वतंत्रता का आधार बनने की क्षमता उसमें है। थोरियम उपयोग की प्रौद्योगिकी के अर्थ में हमने अनेक अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आत्मनिर्भर रूप से त्रि-चरणीय परमाणु विद्युत विकास कार्यक्रम में हमने जो प्रगति की है वह हमारी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस क्षमता के तथा आने वाले वर्षों में इसके विकास के आधार पर हम अपने देश के सतत् विकास हेतु परमाणु ऊर्जा की भूमिका के विस्तार की अभिलाषा करते हैं।

त्रि-चरणीय विकास मार्ग का अनुसरण करते हुए हमें तेजी से बिजली उत्पादन की बढ़ती जरूरतों से भी अवगत रहना है। यदि परमाणु शक्ति को अपनी यथोचित भूमिका का निर्वाह करना है तो इसकी तैनाती की गति को और तेज करना होगा तभी हम परमाणु विद्युत की हिस्सेदारी को बढ़ाने की आशा कर सकते हैं। त्रि-चरणीय विकास कार्यक्रम, इस उद्देश्य को प्राप्त करने की एक कुंजी है, जिसमें अंतर्निहित रूप में बिना अतिरिक्त नये ईंधन के - वास्तव में दसियों गुना- अधिक परमाणु विद्युत उत्पादन की क्षमता है। तथापि हमें इस बात को स्वीकार करने की जरूरत है कि प्रथम एवं द्वितीय चरण में प्रौद्योगिकीय रूप से हमारी सफलता तथा अत्यधिक इष्टतमीकृत रूप में उनकी तैनाती के बावजूद अभी भी एक ओर विद्युत उत्पादन की जरूरतों तथा दूसरी ओर उसकी उत्पादन क्षमता के बीच काफी अंतर रहेगा।

यह अंतर आगामी तीन या चार दशकों में बढ़ेगा तथा खतरनाक रूप ले लेगा । उस समय ऊर्जा के आयात के माध्यम से इस अंतर को भरना उसकी उपलब्धता तथा मूल्यों को देखते हुए काफी कठिन हो जायेगा। इसके अतिरिक्त, आगे जीवाश्म ईंधन के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ, जो किसी भी रूप से अवश्यंभावी प्रतीत होता है, जलवायु संबंधी परिवर्तन से संबंधित मामले भी गंभीर रूप ले लेंगे। कम से कम समय में हमारे प्रथम चरण के कार्यक्रम के आकार को वर्तमान 10,000 MWe से लगभग चार या पांच गुना अधिक करना इस समस्या का एक अच्छा समाधान है जो निकटदर्शी एवं दीर्घकालिक रूप से अधिक महत्वपूर्ण है । निकटदर्शी रूप में इससे बिजली उत्पादन की क्षमता में अत्यावश्यक वृद्धि होगी तथा दीर्घकालिक रूप से आयातित ऊर्जा पर निर्भर न करते हुए इससे बिजली उत्पादन के बड़े अंतर को पाटने में मदद मिलेगी । अंतर्राष्ट्रीय असैनिक परमाणु सहयोग के प्रारंभ होने से, वास्तव में, हम अपने प्रथम चरण के कार्यक्रम को कई गुना अधिक स्तर पर ले जा सकते हैं, और त्रि-चरणीय क्रियान्वयन की रणनीति के परिणामस्वरूप, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, हम ऊर्जा स्वतंत्रता के स्तर को प्राप्त कर सकते हैं । इस प्रकार हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जिसमें हम घरेलू त्रि-चरणीय परमाणु विद्युत कार्यक्रम का क्रियान्वयन जारी रख पाएंगे तथा बाहरी निवेशों के माध्यम से अतिरिक्त परमाणु विद्युत उत्पादन क्षमता के साथ इसे पूरा कर पाएंगे । यह हमारे उस मार्ग के महत्व को भी रेखांकित करता है कि क्रमश: घरेलू एवं आयातित प्रौद्योगिकी के आधार पर अतिरिक्त दाबित भारी पानी रिएक्टर एवं हल्के जल रिएक्टर इकाइयों के निर्माण से फास्ट रिएक्टर प्रौद्योगिकी के निर्माण और तेजी से इसकी तैनाती को बल मिलेगा और इससे बहुत कम समय में इसकी तैनाती और प्रतिस्पर्धात्मक रूप से उसके व्यापारिक कार्य निष्पादन में सफलता मिल सकेगी। यह पहले से ही हमारे वर्तमान अनुसंधान एवं विकास मिशन का एक अंग है तथा मुझे इसमें कोई संदेह नहीं कि यह संपूर्ण मार्ग व्यावहारिक है। मैंने भारतीय विज्ञान अकादमी, बैंगलोर में दिनांक 4 जुलाई 2008 को अपने सार्वजनिक व्याख्यान में इस मार्ग की रूप रेखा प्रस्तुत की थी । यह परमाणु ऊर्जा विभाग की वेब साइट पर उपलब्ध है तथा मैं आप सभी से यह अनुरोध करूंगा कि यदि आपने इसे नहीं देखा है तो आप इस पर जरूर अपनी एक नजर डालें ।

हमें यह सुनिश्चित करना है कि हम अपने त्रि-चरणीय विकास कार्यक्रम, अपनी अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों एवं अपने सामरिक कार्यक्रम का आत्मनिर्भरतापूर्वक तथा एक स्वायत्त रूप में अनुसरण करें । हालाकि हमारे स्वायत्त विकास को किसी बाहरी दबाव से बचाने के लिए पर्याप्त अंतर्निहित सावधानियां बरती गई हैं, हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम अपने घरेलू विकास में बिना किसी शिथिलता के तेजी से प्रगति करें । यथाशीघ्र ऊर्जा स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करना, दो सीमाओं, अर्थात् : दाबित भारी पानी रिएक्टरों एवं हल्के पानी रिएक्टरों की तेजी से तैनाती एवं अपने त्रि-स्तरीय विकास, जिसमें रिएक्टर एवं संबंधित ईंधन चक्र शामिल हैं, को तेजी से प्राप्त करना, में हमारी सफलता पर निर्भर करता है । डॉ. भाभा ने हमें जो दृष्टि दी है उसके प्रति आभार प्रकट करता हूँ । मैं सोचता हूँ कि होमी भाभा शताब्दी वर्ष में प्रवेश होकर हम आज इस मार्ग पर आगे आत्मविश्वासपूर्वक आगे बढ़ने के लिए अत्यंत ही मजबूत स्थिति में है । यहां मैं इस बात पर पुन: बल देना चाहूंगा कि हमारे अनुसंधान एवं विकास के हमारे स्वायत्त स्वरूप में आत्मनिर्भरता के हमारे मार्ग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आनी चाहिए । हम ऐसी किसी बात को स्वीकार नहीं कर सकते जिससे राष्ट्र हित में हमारे नाभिकीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन में हमारी स्वतंत्रता कहीं प्रभावित होती हो ।

जबकि हमने एक मिशन की तरह, अत्यंत ही सफलतापूर्वक अपने अनुसंधान एवं विकास एवं उसकी तैनाती का अनुसरण किया है, अनुसंधान एवं विकास का हमारा मार्ग अत्यंत व्यापक आधार वाला रहा है जिसमें सभी संबंधित विषयों तथा संपूर्ण अनुसंधान, विकास, प्रदर्शन एवं तैनाती की श्रृंखला समाहित रही है । हाल में हमने होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, अनुसंधान-प्रौद्योगिकी विकास के संबंध को और मजबूत करने तथा एक और बड़ा छात्र कार्यक्रम तैयार करने के लिए भावी अनुसंधान निधि एवं विशेषज्ञ दलों के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की है। हमें यह आशा करनी चाहिए कि इन पहलों से नई प्रौद्योगिकियों में तेजी से नये ज्ञान का संचार होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि हम अनेक अंतर्राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सहयोगों में भागीदार हैं । हमने एलएचसी, जिसे हाल ही में पूरा किया गया है तथा उसके संसूचकों, सीएमएस एवं एएलआईसीई के निर्माण में अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता की है । आज हम आईटीईआर, जेएच रिएक्टर एवं अन्य मुख्य परियोजनाओं के भागीदार हैं । ऐसे सहयोगों से हमें अनुसंधान हेतु मुख्य अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं में भाग लेने का अवसर मिलता है तथा इसके साथ ही इससे हमारी प्रयोगशालाओं एवं उद्योगों के लिए भी प्रौद्योगिकीय

लाभ प्राप्त होते हैं । ऐसी गतिविधियों में हमारी सहभागिता से हमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान मिली है। अब हमारा सहयोग प्राप्त करने के लिए अधिक रुचि दिखाई जा रही है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरेलू कार्यक्रम एवं संभावित अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एक दूसरे के पूरक बनें। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से अधिक राष्ट्रीय लाभ उठाना आवश्यक है। इस वर्ष के दौरान राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र में इंडस-2 सिंक्रोट्रोन ने अपना पूर्ण ऊर्जा स्तर प्राप्त कर लिया तथा अनुसंधानकर्ताओं द्वारा उपयोग के लिए अनेक बीम लाइनें अब तैयार हैं । अतिचालक सिंक्रोट्रोन अधिचालन हेतु प्रगत अवस्था में है तथा शीघ्र ही यह प्रायोगिक अनुसंधान के लिए उपलब्ध होगा। वाहित मल आपंक (सीवेज स्लज) के विकिरण स्वास्थ्यीकरण एवं निसंर्ग ऋण जैसी हमारी प्रौद्योगिकियों हेतु योजना आयोग द्वारा जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीनीकरण मिशन के अधीन निधि उपलब्ध कराने की सिफारिश की गयी है। इसी प्रकार खाद्य किरणन संयंत्रों हेतु अब अधिक निधि सहायता उपलब्ध है। योजना आयोग ने भाभाट्रोन चिकित्सा प्रणाली में रुचि दिखायी है। हमारे लिए यह संतोष का विषय है कि हमने जल, कृषि, खाद्य, स्वास्थ्य एवं अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित अपनी सामाजिक रूप से उपयोगी प्राद्योगिकियों को बड़े पैमाने पर स्थापित करने में चौतरफा प्रगति की है ।

हम अपने मिशन के विभिन्न नये आयामों से भी अवगत हैं जिसमें त्वरक चालित प्रणालियां, उच्च तापमान रिएक्टर, हाइड्रोजन उत्पादन एवं उपयोग तथा सौर ऊर्जा सहित संलयन ऊर्जा शामिल हैं। इन कार्यक्रमों पर कार्य किया जा रहा है तथा निकट भविष्य में इनके प्रतिफल मिलेंगे।

अपने मिशन में एक मुख्य बात जिसपर हमें जोर देना चाहिए वह है ऐसी प्रौद्योगिकियों का विकास करना जो विकिरण सक्रिय अपशिष्ट की विकिरण आविषालुता को लगभग 300 वर्षों की अवधि में घटाकर यूरेनियम खान में विद्यमान स्तर तक ला सकें। इस समय विद्यमान ज्ञान के आधार पर यह लक्ष्य व्यावहारिक प्रतीत होता है और हमें यह चुनौती स्वीकार करनी चाहिए। जबकि हमने उच्च स्तरीय अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु औद्योगिक पैमाने पर इस प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमता पहले ही साबित कर दी है, भविष्य में परमाणु विद्युत के बड़े पैमाने पर नियोजन के संबंध में प्रगत भारी पानी रिएक्टर जैसे प्रगत सुरक्षित रिएक्टरों के संबंध में उपरोक्त मार्ग का अनुसरण करना एक ऐसा विकास कार्य होगा जिसका स्वागत किया जाएगा और जिसके बारे में यह आशा की जाती है कि उसे विश्व स्तर पर स्थान मिलेगा।

प्रिय साथियों,

होमी भाभा जन्म शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए नई प्रौद्योगिकियों एवं उनके नियोजन के संदर्भ में हम तीव्र गति से विकास होता हुआ देखते हैं।

जैसे-जैसे हम समय के साथ आगे बढ़ रहे हैं हम अपने घरेलू अनुसंधान एवं विकास की एक बड़ी भूमिका देखते हैं जिसके परिणामस्वरूप हमें दूसरों से पहले तैयार नई प्रौद्योगिकियां तैनात करने हेतु उपलब्ध होंगी। इस कार्य में हमारी सफलता से हमारे देश के लोगों को जो लाभ मिलेगा, वही डॉ. होमी जहांगीर भाभा की स्मृति में हमारी सबसे बड़ी श्रंद्धाजलि होगी।"

ADDRESS BY DR. ANIL KAKODKAR CHAIRMAN, ATOMIC ENERGY COMMISSION

" Dear Colleagues,

As we do every year on this day, we have assembled here to pay homage to our Founder, Dr. Homi Jehangir Bhabha on his 99th birth anniversary. Today we enter the Birth Centenary Year of Dr. Homi Bhabha who gave us a vision for Atomic Energy programme in the country. The year-long Homi Bhabha Birth Centenary Year celebrations would be inaugurated by our Prime Minister today at 5 p.m.

We now stand at the threshold of a new era, the era in which we wish to accelerate deployment of nuclear power and also push the frontiers of nuclear power technology with an eye on the future. The Three Stage vision given to us by Dr. Bhabha will continue to guide us in this process.

In technological terms, we have done well. We now have a robust Pressurized Heavy Water Reactor Technology with world class performance and a globally advanced Fast Breeder Reactor technology, which we expect would play a rapidly increasing role in the years to come. Thorium utilization on a large scale remains our ultimate objective, since that has the potential to become the basis for our eventual energy independence. In terms of technology for thorium utilization, we have many unique achievements to our credit. That we have made this progress in the Three Stage nuclear power development programme in a self reliant manner is a singularly important feature of our achievements. It is on the basis of this capability and its further development in the years to come, that we wish to expand the role of nuclear energy for sustainable development of our country.

While we pursue the Three Stage development path, we have to remain aware of the rapidly increasing electricity generation needs. For nuclear power to play its due role, its rate of deployment has to be much faster. Only then can we expect to enhance the share of nuclear power. The three stage development programme which inherently has a huge – in fact several ten fold – multiplier effect in terms of nuclear power generation capacity, without additional new fuel remains relevant and in fact is the key to realization of this objective. However, we need to realize that inspite of our success in technological terms with respect to first and second stage, and with their most optimistic deployment rate, there would still be a very large gap between electricity generation requirement on one hand and the generation capacity on the other.

This gap would in fact increase and become alarmingly large over the next three or four decades. Bridging of this gap through import of energy at that time would become very difficult because of concerns regarding availability and prices. Further the serious issues with regard to climate change would get aggravated with increasing use of fossil fuels which in any way appears inevitable. Enhancing the size of the first stage of our programme from the present 10,000 MWe to something four or five times larger in as short a time frame as possible, is thus a good solution to this problem that has both near term as well as long term importance. In the near term it would enable the much needed augmentation of electricity

generation capacity and in the long term it would enable bridging the vast electricity generation gap without having to depend on imported energy. The opening up of the international civil nuclear cooperation in fact, would enable us to enlarge the first stage of our programme to a level, that could through the multiplier effect, as a result of three stage implementation strategy, enable us to reach a level of energy independence before it is too late. We are thus entering a new era in which we would continue to implement the domestic Three Stage nuclear power programme and supplement it with additional nuclear power generation capacity through external inputs. This also underscores the importance of our approach that as we build additional Pressurized Heavy Water Reactor and Light Water Reactor Units on the basis of domestic and imported technology respectively, we would make the Fast Reactor Technology along with its rapid deployment, robust enough to support a short doubling time and competitive commercial performance. This is already a part of our current R&D mission and I have no doubt that the entire approach is feasible. I had presented an outline of this approach in a Public Lecture at the Indian Academy of Sciences, Bangalore on July 4, 2008. This is available on the DAE website and I would urge each one of you to take a look at it in case you have not already done so.

We have to ensure that we pursue our Three Stage development programme, our research and development activities and our strategic programme in an autonomous manner, on the basis of our self reliant approach. While sufficient in-built precautions have been ensured to prevent any external constraint on our autonomous development, we need to make rapid progress in our domestic development without any laxity. Our goal of seeking energy independence at an early date crucially depends on success on both fronts i.e. rapid deployment of PHWRs and LWRs and speedy maturing of our three stage development involving reactors and associated fuel cycles. I think, as we enter the Homi Bhabha Centenary year, thanks to the vision given to us by Dr. Bhabha, we are in a very sound position to confidently move further on this path. At this point I wish to re-emphasize that our commitment to self reliant approach in our autonomous pursuit of our R&D should remain undiluted. We cannot afford any kind of vulnerability that could compromise our independence in terms of implementation of our nuclear programme in the national interest.

While we have very successfully pursued our R&D as well as deployment programme in mission mode, our approach to R&D has been broad-based and comprehensive, covering all related disciplines and the entire research, development, demonstration and deployment chain. In recent times we have taken major initiatives such as Homi Bhabha National Institute, Prospective Research Fund and Specialist Groups to strengthen research-technology development linkages as well as a much larger student programme. We should expect these initiatives to enable faster transition of new knowledge into new technologies. It is also worthwhile to note several major international collaborations in which we now are partners. We had a very important and well acknowledged involvement in building of LHC which was recently completed and its detectors CMS and ALICE. We are now partners in major projects like ITER, JH Reactor and others. Such collaborations enable us to access major international facilities for research and at the same bring in technological benefits for our laboratories and industries. Our participation in such activities has brought us international recognition. There is now even greater interest in seeking our collaboration. We must ensure that there is complete complimentarity between our domestic programme and possible international collaboration. This is necessary to maximize national benefit through international collaboration. During the year Indus II Synchrotron radiation source at RRCAT has reached its full energy level and a number of beam lines are now ready for use by researchers. The superconducting synchrotron is in an advanced stage of commissioning and should become available for experimental research

soon. Our technologies such as radiation hygienization of sewage sludge and nisargaruna have been recommended by the Planning Commission for funding under Jawaharlal Nehru Urban Renewal Mission. Similarly there is now greater funding support for food irradiation plants. Planning Commission has also shown interest in Bhabhatron Teletherapy system. It is gratifying to note that we have also made all round progress in terms of large scale deployment of our socially relevant technologies related to water, agriculture, food, health and waste management.

We are aware of the several new dimensions of our mission involving accelerator driven systems, high temperature reactors, hydrogen production and utilization and fusion energy including solar energy. These programmes are well underway and would yield results in near future.

One of the major thrusts we should bring in our mission, is to develop technologies to reduce radiotoxicity of radioactive waste to a level, comparable to a uranium mine in a period of say around 300 years. Based on present day knowledge this seems to be a realizable goal and we should take up this challenge. While we already have a proven industrial scale technology to manage high level waste, the above approach along with advanced safe reactors such as AHWR would be a very welcome development in the context of large scale deployment of nuclear power that one could expect taking place world wide in the future.

Dear colleagues,

As we enter the Homi Bhabha Birth Centenary Year, we also see accelerated growth in terms of new technologies and their deployment.

As we move with time, we see a greater role for our domestic R&D leading to new technologies ready for deployment ahead of others. Our success in doing so with our country men benefiting from our work in a major way would be our greatest tribute to the memory of Dr. Homi Jehangir Bhabha."

डॉ. श्रीकुमार बॅनर्जी , निदेशक, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा संस्थापक दिवस पर संबोधन

डॉ. श्रीकुमार बॅनर्जी , निदेशक, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र संस्थापक दिवस पर संबोधित करते हुए

" डॉ. काकोडकर, अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग, यहाँ उपस्थित परमाणु ऊर्जा परिवार के वरिष्ठ सदस्यगण एवं प्रिय साथियों,

मेरे लिए वास्तव में यह बड़ी प्रसन्नता एवं गर्व का विषय है कि मैं इस महान संस्थान, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के संस्थापक डॉ. होमी जे. भाभा के 99 वें जन्मदिवस पर आप सभी का गर्मजोशी से स्वागत कर रहा हूँ।

इस वर्ष संस्थापक दिवस समारोह का विशेष महत्व है क्योंकि आज से होमी भाभा का जन्म शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है । माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह आज दोपहर को दिल्ली से वीडियो कॉफ्रेंस लिंक द्वारा होमी भाभा जन्म शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत करेंगे । माननीय प्रधानमंत्री भापअ केंद्र की अनेक नई सुविधाओं का भी उद्घाटन करेंगे ।

डॉ. भाभा के प्रति अपने सामूहिक सम्मान एवं प्रशंसा को व्यक्त करने के लिए हम सब प्रत्येक वर्ष 30 अक्तूबर को इस स्थान पर एकत्रित होकर उनका जन्म दिवस मनाते हैं तथा पिछले वर्ष की अपनी उपलब्धियों का लेखा जोखा लेते हुए इस केन्द्र को दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाने हेतु अपने आप को पुन:समर्पित करते हैं ।

मुझे यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि पिछला वर्ष हमारे विकासात्मक प्रयासों का एक और सफल वर्ष रहा है । पिछले वर्ष हमारे केन्द्र द्वारा किए गए कार्यों तथा प्राप्त उपलब्धियों की सूची बहुत लम्बी है, अत: मैं रिएक्टर प्रौद्योगिकी, ईंधन चक्र प्रौद्योगिकी, मूलभूत अनुसंधान, स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य परिरक्षण एवं कृषि जैसे क्षेत्रों से कुछ प्रमुख उदाहरण यहाँ प्रस्तुत करूंगा ।

तीन अनुसंधान रिएक्टरों अप्सरा, सायरस एवं ध्रुवा में उच्च संरक्षा स्तर तथा क्रमश: 84%, 86% एवं 77% के उपलब्धता गुणांक के साथ प्रचालन कार्य जारी रहा । इन रिएक्टरों का उपयोग आइसोटोप उत्पादन, पदार्थ परीक्षण, मानव संसाधन विकास तथा न्यूट्रान किरणपुंज अनुसंधान हेतु किया गया ।

अप्सरा रिएक्टर ने प्रचालन के 52 वर्ष पूरे कर लिए हैं और वर्तमान में इसकी पावर को दो मेगावाट रिएक्टर तक बढ़ाने के प्रयास चल रहे हैं ।

वैजाग में निर्मित होने वाले प्रस्तावित 30 मेगावाट वाले उच्च फ्लक्स अनुसंधान रिएक्टर के अभिकल्पन कार्य का अध्ययन चल रहा है । इस रिएक्टर के साथ एक बाह्य न्यूट्रान स्रोत को युग्मित किए जाने की योजना बनाई गई है ।

थोरियम आधारित एएचडब्ल्यूआर के भौतिकी अभिकल्पन के मान्यकरण के लिए समग्र प्रौद्योगिकी विकास कार्यक्रम के एक भाग के रूप में भापअ केंद्र में निर्मित 100 वाट अभिहित पावर

वाले एक निम्न पावर अनुसंधान रिएक्टर "क्रिटिकल फैसिलिटी" ने 7 अप्रैल 2008 को 1900 बजे क्रांतिकता प्राप्त की । रिएक्टर क्रोड में वर्तमान में प्राकृतिक यूरेनियम ईंधन समुच्चयों को लोड किया गया है । प्राथमिक शट-डाउन प्रणाली की सक्रियण क्षमता के प्रायोगिक निर्धारण, त्रैज्य एवं अक्षीय न्यूट्रान फ्लक्स वितरण तथा रिएक्टर के न्यूट्रान पावर के लिए विभिन्न पावर स्तरों पर भौतिकी प्रयोग किए गए । आवश्यक संरक्षा मूल्यांकनों के पश्चात रिएक्टर पावर को निर्धारित स्तर तक बढ़ाया जा रहा है ।

यह क्रिटिकल फैसिलिटी, विभिन्न प्रकार के ईंधनों यथा-प्राकृतिक यूरेनियम धात्वीय ईंधन, प्राकृतिक यूरेनियम ऑक्साइड ईंधन, थोरियम-प्लूटोनियम आक्साइड ईंधन एवं थोरियम-यूरेनियम-233 ऑक्साइड ईंधन, विभिन्न मंदक पदार्थों एवं न्यूट्रान अवशोषी पदार्थों पर आधारित विभिन्न क्रोड जालकों के अध्ययन में सुविधा हेतु एक महत्वपूर्ण अनुसंधान प्लैटफार्म के रूप में अभिकल्पित की गई है । इसकी डिजाइन में कोर के अंदर वांचित पिच पर एक परिष्कृत ज्यामिति में व्यवस्थित करने हेतु पर्याप्त नम्यता उपलब्ध कराई गई है ।

इस फैसिलिटी का उपयोग एएचडब्ल्यूआर के भौतिकी अभिकल्पन के और अधिक अनुकूलीकरण तथा थोरियम आधारित प्रगत रिएक्टरों की डिजाइन से संबंधित अतिरिक्त नाभिकीय डाटा के निर्माण हेतु किया जाएगा । यह रिएक्टर दाबित भारी पानी रिएक्टरों के भौतिकी प्रयोगों से संबंधित आवश्यकताएं भी पूरी करेगा ।

आईएईए की 52वीं वार्षिक महासभा के अनुसार भारत में "थोरियम के माध्यम से नाभिकीय ऊर्जा के वैश्विक विस्तार " थीम पर एक साइड ईवेंट का आयोजन किया । इस ईवेंट में यह प्रदर्शित किया गया कि पीएचडब्ल्यूआर, बीडब्ल्यूआर और पीडब्ल्यूआर से संलग्न वर्तमान ईंधन चक्र प्रौद्योगिकियों में थोरियम के उपयोग से प्लूटोनियम के बड़े स्तर पर निक्षेपण तथा प्रसार निरोधी ईंधन के उपयोग से संबंधित उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है ।

पूर्णिमा II पर हमारे बेंचमार्क दस्तावेज को अंतर्राष्ट्रीय क्रांतिकता संरक्षा बेंचमार्क परियोजना (आईसीएसबीईपी) द्वारा स्वीकार कर लिया गया है । भारत से यह दूसरा क्रांतिकता बेंचमार्क है, पहला "कामिनी" पर था जो 2005 में जारी किया गया था ।

निम्न प्लूटोनियम आवश्यकता वाले प्रगत भारी पानी रिएक्टर (एएचडब्ल्यूआर) की प्राथमिक क्रोड के अभिकल्पन संबंधी विकल्पों का विकास किया गया था । एक 42 पिन क्लस्टर (आंतरिक डमी पिनों सहित संशोधित एक 54 पिन क्लस्टर) तथा जिर्कलॉय-2 डिस्प्लेशर के उपयोग द्वारा प्लूटोनियम की मात्रा तथा बड़ी ऋणात्मक रिक्त सक्रियता की कमी की संभावना परिलक्षित हुई ।

ईंधन समुच्चय के शीर्ष अर्ध भाग में एसएस डिस्प्लेशर तथा निचले अर्ध भाग में एक जिर्कलॉय-2 डिस्प्लेशर के उपयोग तथा क्लस्टर में एसएस लोडिंग में कमी करके एएचडब्ल्यूआर की संतुलन क्रोड की भौतिकी डिजाइन को और उन्नत किया गया तथा औसत कोर डिस्चार्ज बर्नअप को 34000 MWd/te से 38000 MWd/te तक बढ़ाया गया ।

एएचडब्ल्यूआर के ऑनलाइन ईंधनीकरण आपरेशन के दौरान ईंधनन मशीन और शीतलक चैनल के बीच रिसाव को रोकने के लिए इनकोनेल-750 की पतली चादर से बनाई गई धातुई सील का स्वदेश में विकास, संविरचन तथा परीक्षण किया गया ।

एएचडब्ल्यूआर के 225 मि.मी. रिएक्टर चालक पिच के अनुकूल ईंधन हस्तन उपकरणों यथा - त्रिज्य सील प्लग, स्नाउट प्लग, रैम एडाप्टर, प्लग संस्थापन टूल एवं स्टब एण्ड फिटिंग्स का अभिकल्पन तथा विनिर्माण किया गया तथा उनका विशेष तौर से अभिकल्पित परीक्षण रिगों में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया । इनका उपयोग मेसर्स एमटीएआर हैदराबाद में निर्मित की जा रही एएचडब्ल्यूआर ईंधनन मशीन के कार्य परीक्षण के दौरान किया जाएगा ।

ताप तथा स्थिरता मार्जिन के मान्यीकरण के लिए आरएण्डडी सेंटर, तारापुर में स्थापित की जाने वाली एएचडब्ल्यूआर थर्मल हायड्रालिक टेस्ट फैसिलिटीज का अभिकल्पन पूरा हो गया है तथा इसके निर्माण के लिए पूर्व में हस्ताक्षरित सहमति पत्र के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई चल रही है ।

संहत उच्च ताप रिएक्टर (सीएचटीआर) के अभिकल्पन में अनुक्रिया समय में सुधार के लिए पूर्व अभिकल्पित पैसिव पावर एवं रेगुलेशन सिस्टम (पीपीआरएस) के स्थान पर एक्टिव कंट्रोल एवं शट-डाउन सिस्टम प्रस्तावित किया गया है । कई भौतिकी अध्ययन किए गए जिनसे यह सिद्ध हुआ है कि एक नयी ईंधन संरचना नामत: 5.6 kg थोरियम-232 मिश्रित 2.4 kg यूरेनियम-233, अपेक्षित दहनीय प्वायसन के साथ 12 से 15 पूर्ण विद्युत वर्ष तक प्रभावी सतत प्रचलन हेतु पर्याप्त रहेगी ।

लेड-बिस्मथ यूटैक्टिक का शीतलक रूप में उपयोग करते हुए एक द्रव धातु लूप का संस्थापन तथा कमीशनन किया गया । इस फैसिलिटी से थर्मो हायड्रालिक एवं करोसन डाटा प्राप्त किया जाएगा ।

ग्रिड के साथ नहीं जुड़े हुए दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति के लिए 5 MW(th) न्यूक्लियर पावर पैक के अभिकल्पन हेतु पर्याप्त प्रगति हुई है । 3000 पूर्ण विद्युत दिवसों के बर्नअप के लिए क्रोड को अभिकल्पित किया गया ।

हमारे पीएचडब्ल्यूआर कार्यक्रम के लिए अनुसंधान एवं विकास कार्यों के एक भाग के रूप में 540 MWe पीएचडब्ल्यूआर कंटेन्मेंट के बीएआरसी कंटेन्मेंट मॉडल (बीएआरसीओएम) का कार्य तारापुर परियोजना साइट पर पूरा किया गया । इस मॉडल का परीक्षण करके अतिदाब दुर्घटना परिस्थितियों में पीएचडब्ल्यूआर के कंटेन्मेंट के जुड़ाव के मूल्यांकन हेतु इसकी लोड कैपसिटी का परीक्षण किया जाएगा ।

एक पृथक अध्ययन में एयरक्राफ्ट इंपैक्ट प्रेरित ईंधन स्पाइलेज के कारण अग्नि दुर्घटना की जांच के लिए भारतीय पीएचडब्ल्यूआर के कंटेनमेंट के व्यवहार का अध्ययन किया गया । यह निष्कर्ष मिला कि प्राथमिक कंटेनमेंट दीवार ऐसी परिस्थितियों में दुरुस्त बनी रहती है ।

पीएचडब्ल्यूआर के पुन: ईंधनन के दौरान ईंधनन मशीन द्वारा शीतलक चैनल के सिरे पर एक सील प्लग को हटाया जाता है तथा ईंधनन कार्य पूरा हो जाने के बाद उसे पुन:स्थापित किया जाता है । यदि सील प्लग में कोई छोटा रिसाव उत्पन्न होता है तो उस पर तुरंत ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती है । 540 MWe पीएचडब्लयूआर के लिए एक एण्ड फिटिंग ब्लैंकिंग असेंबली का विकास किया गया है जिससे रिसाव को तीव्रता के साथ रोका जा सकेगा तथा इससे रिसाव के कसाव को बनाए रखने के लिए तब तक सहायता मिलेगी जब तक कि रिएक्टर के अगले नियोजित शट-डाउन के दौरान अधिक क्लोजर सील फेस के पर्याप्त अनुरक्षण का कार्य पूरा नहीं कर लिया जाता । इस प्रविधि से विद्युत उत्पादन में जुड़े रिएक्टर के पड़ोसी चैनलों के पुन: ईंधनन का कार्य भी किया जा सकेगा ।

एनपीसीआईएल से प्राप्त विशेष अनुरोध पर टीएपीएस में विशेष उपयोग के लिए व्यतिकारी ^{133}Xe उपस्थिति में एरिया मॉनीटरिंग के लिए ट्रीशियम मॉनीटर का विकास किया गया था । यह सिस्टम पिछले 3 महीनों से लगातार प्रचालनरत है ।

पांच बीएआरसी चैनल निरीक्षण प्रणालियों (बीएआरसीआईएस) की स्थापना एवं 1000 से अधिक शीतलक चैनलों के निरीक्षण से प्राप्त अनुभव के आधार पर बीएआरसीआईएस की विश्वसनीयता सिद्ध हो गई । बीएआरसीआईएस का अद्यतन संस्करण जुलाई 2008 में एनपीसीआईएल को उपलब्ध कराया गया ।

कलपाक्कम में संहत हल्का जल रिएक्टर संयंत्र पिछले दो वर्षों से सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है । ईंधन तथा संयंत्र की सभी प्रणालियों का कार्यनिष्पादन अभिकल्पन विनिर्देशों के अनुरूप है ।

यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि सामरिक अनुप्रयोगों के लिए संहत हल्का जल संयंत्र के अभिकल्पन, आपूर्ति एवं समेकितीकरण हेतु हमने अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया है ।

रिएक्टर प्रेशर वेसल अनुप्रयोग हेतु उच्च शुद्धता वाले विशेष श्रेणी के निम्न सम्मिश्र स्टील का भी सफलतपूर्वक विकास किया गया । आवश्यकता संबंधी गुणवत्ता को पूरा करते हुए एक 120 टन इंगाट की निर्वात में ढलाई एवं फोर्जिंग का कार्य किया गया । इस प्रकार भारत विश्व के उन कुछ देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने रिएक्टर प्रेशर वेसल के लिए स्टील तैयार करने हेतु प्रौद्योगिकी विकसित कर ली है ।

भापअ केंद्र द्वारा पीएफबीआर से संबंधित कार्यों के लिए अनुसंधान एवं विकास संबंधी सहयोग दिया जा रहा है । पीएफबीआर के अंतर्गत अंतरण सेल में स्थित विभिन्न कार्य स्थानों में तथा उससे बाहर ले जाने हेतु नवीन तथा भुक्त ईंधन के अंतरण के लिए दो समरूपी सेल अंतरण मशीनों की आवश्यकता है । इन मशीनों का अभिकल्पन कार्य भापअ केंद्र में पूरा कर लिया गया है तथा प्रापण कार्रवाई के लिए तकनीकी विनिर्देशों सहित ड्राइंगों को इंगापअ केंद्र को हस्तांतरित किया गया है ।

कलपाक्कम में एफबीटीआर तथा पीएफबीआर के लिए ईंधन आपूर्ति की जिम्मेदारी भापअ केंद्र पर है । एफबीटीआर को भापअ केंद्र द्वारा आपूर्ति किए गए मिश्रित कार्बाइट एवं मिश्रित ऑक्साइड ईंधन के हायब्रिड क्रोड की सहायता से प्रचालित किया जा रहा है । एफबीटीआर के लिए मिश्रित कार्बाइड ईंधन के संविरचन हेतु नयी लाइन पिछले वर्ष कमीशन की गई थी और पूरी तरह स प्रचालित है तथा इस लाइन के द्वारा मिश्रित कार्बाइड ईंधन के अनेक बैचों का सफलतापूर्वक प्रसंस्करण किया गया है ।

तारापुर स्थित हमारी फैसिलिटी में पीएफबीआर की पहली क्रोड के लिए मॉक्स ईंधन पिनों के विनिर्माण का कार्य जारी है तथा उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले ईंधन की प्राप्ति के लिए विनिर्माण मानकों को अनुकूलतम किया गया है । Nd-YaG लेसर के उपयोग द्वारा D-9 क्लैड ट्यूबों के एंड प्लग वेल्डिंग के कार्य का सफलतापूर्वक निदर्शन किया गया है एवं क्लोजर वेल्ड के निरीक्षण के लिए एक अल्ट्रासोनिक तकनीक का विकास किया गया है ।

भापअ केंद्र उच्च ब्रीडिंग अनुपात वाले प्रगत फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों के लिए धात्विक ईंधन संबंधी अनुसंधान एवं विकास कार्य में भी संलग्न है । धात्विक ईंधन की ढलाई हेतु इंजेक्शन ढलाई प्रणाली की ग्लोव बाक्स के अंदर स्थापना की जा रही है तथा एक डिमोल्डिंग एवं स्लग शियरिंग मशीन के प्रचालन परीक्षण चल रहे हैं । विभिन्न यूरेनियम प्लूटोनियम एलॉय के ताप भौतिकीय एवं ताप यांत्रिकीय गुणों तथा फ्यूल-क्लैड केमिकल कंपैटिबिलिटी संबंधी अध्ययन चल रहे हैं ।

ईंधन पुनर्संसाधन एवं अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों के एक भाग के रूप में ट्रांबे स्थित प्लूटोनियम संयंत्र (पीपी) दक्षतापूर्वक प्रचालित किया जा रहा है तथा इससे भुक्त ईंधन एवं रिजेक्ट सिंटरीकृत डीयू गुटिकाओं का संसाधन किया जा रहा है ।

केएआरपी में मरम्मत एवं परिष्करण कार्य पूरा कर लिया गया है, संयंत्र प्रचालन संबंधी रेगुलेटरी अनुमोदन प्राप्त कर लिए गए हैं एवं रिकमीशनिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है ।

तारापुर स्थित प्रिफ्री में भुक्त ईंधन के संसाधन तथा डीडीयू की रिकवरी का कार्य जारी रहा । इस अवधि के दौरान प्रिफ्री में उपस्कर संबंधी कुछ विफलता के बावजूद रिकार्ड उत्पादन हुआ ।

पावर रिएक्टरों को ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने हेतु नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद को डीयू और डीडीयू की नियमित आपूर्ति की गई ।

भुक्त ईंधन के लिए पुनर्संसाधन क्षमताओं के विस्तार और रेडियोएक्टिव अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विभिन्न साइटों पर परियोजनाओं का कार्य चल रहा है । आरओपी, तारापुर में उपस्कर और भंडारण टैंकों की आपूर्ति पूरी हो गई है । ईंधन बंडलों की एक बार में गैंग चॉपिंग के लिए एक अद्यतन भुक्त ईंधन चॉपर का संस्थापन कार्य किया जा रहा है । इससे उत्पादन की दर चार गुना बढ़ जाएगी । विभिन्न प्रणालियों की कमीशनिंग का काम भी शुरू किया गया है । डब्ल्यूआईपी, कलपाक्कम में संयंत्र उत्थापन कार्य पूरा हो गया है ।

रेडियोएक्टिव अपशिष्ट के संग्रहण, पृथक्करण, भंडारण एवं उपचार हेतु ट्रांबे, तारापुर एवं कलपाक्कम में अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं का सुरक्षित रूप से प्रचालन किया गया । पर्यावरण में डिस्चार्ज को निर्धारित रेगुलेटरी सीमाओं से काफी कम रखा गया । डब्ल्यूआईपी, ट्रांबे में विसंदूषण और परिष्करण कार्य शुरू किए गए । इससे यूरेनियम, सीजियम इत्यादि के पृथक्करण के लिए विभिन्न प्रणालियों के समावेशन के द्वारा संवेश प्रवाह में वृद्धि होगी । बहि:स्राव उपचार संयंत्र (ईटीपी), ट्रांबे में जलीय अपशिष्ट की उत्पत्ति को न्यूनतम करने के लिए भुक्त ट्राइब्यूटाइल फास्फेट (टीबीपी) हेतु क्षारीय जल अपघटन प्रक्रिया का परिष्करण कार्य किया गया । संयंत्र का जल अपघटन तथा भस्मीकरण प्रणालियों के एक साथ प्रचालन हेतु परिष्करण किया गया ।

प्रगत कांचनीकरण प्रणाली (एवीएस), तारापुर द्वारा उच्च स्तरीय अपशिष्ट (एचएलडब्ल्यू) के कांचीकरण के लिए उत्कृष्ट प्रचालन अनुभव उपलब्ध कराया गया तथा लगभग 170 घनमीटर एचएलडब्ल्यू को कांचीकृत किया गया ।

द्रव फीडिंग के निदर्शन के लिए शीतित क्रुसिबल प्रौद्योगिकी के दूसरे चरण के कार्य को सफलतापूर्वक किया गया । अनुकारित अपशिष्ट फीड के लिए नाइट्रोजन के ऑक्साइड के हस्तन हेतु एक प्रभावी ऑफ गैस ट्रीटमेंट लूप को प्रगत शीत क्रुसिबल इंडक्शन मेल्टिंग (सीसीआईएम) के लिए हुक किया जा रहा है । प्रगत शीत क्रुसिबल फैसिलिटी से प्लांट स्केल आपरेशन के लिए डिजाइन इनपुट और आपरेशनल डाटा प्राप्त होने की आशा है ।

द्वितीयक अपशिष्ट से ^{106}Ru प्राप्त करने से संबंधित प्रक्रिया की प्रयोगशाला स्केल पर संस्थापना की गई है एवं चिकित्सीय अनुप्रयोग के लिए रेडियोफार्मास्यूटिकल डिवीजन को 100 मि.ली. ^{106}Ru (विशिष्ट सक्रियता 300 mCi/l) प्रत्येक के दो बैचों की आपूर्ति की गई है ।

इलेक्ट्रानिक्स एवं यंत्रीकरण के क्षेत्र में भापअ केंद्र ने ईसीआईएल के साथ मिलकर बैंगलूर के पास स्थित इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क (आईडीएसएन 32) एंटिना सिस्टम के लिए 32 मीटर सालिड पैराबोलिक डिश एंटिना का निर्माण किया । इस एंटिना के द्वारा

इसरो के मून मिशन सेटेलाइट "चंद्रयान-1" और भावी अंतरिक्ष मिशनों के लिए टेलीमीट्री एवं टेली-कमांड सहयोग प्रदान किया जाएगा । आईएसडीएन 32 द्वारा चंद्रयान-1 से संकेत प्राप्त किए जा रहे हैं तथा इसके द्वारा सेटेलाइट का ट्रैक रखा जा रहा है । भापअ केंद्र द्वारा इस कार्यक्रम में संरचनात्मक डिजाइन के विश्लेषण, अभिकल्पन एवं सब-रिफ्लेक्टर तथा सर्वो प्रणाली के अभिकल्पन कार्य में सहयोग दिया गया है ।

उच्च कार्य निष्पादन वाली सर्वो प्रणाली द्वारा 450 टन एंटिना को $\pm 270^\circ$ दिगंश एवं $0\text{-}90^\circ$ उन्नतांश पर स्थापित किया जाता है तथा इसकी शुद्धता में 60 कि.मी. प्रतिघंटा हवा की गति के सापेक्ष अत्यंत अल्प विचलन होता है ।

आपरेटरों एवं एलडब्ल्यूआर के अन्य कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए एक पूर्ण स्तरीय "मेन पावर प्लांट सिमुलेटर" का विकास कार्य समय से पहले पूरा किया गया तथा उसे साइट पर संस्थापित किया गया है । इस जटिल सिमुलेटर की कार्य प्रणाली एक हाई स्पीड लैन द्वारा नेटवर्क हुए 12 कंप्यूटरों पर बंटी हुई है । प्रचालन कार्मिकों को संयंत्र के व्यवहार के निदर्शन के लए व्यापक रूप से इसका उपयोग किया जा रहा है ।

लार्ज हेड्रान कोलाइडर, सर्न को संहत म्यूऑन सॉलोनाइड के लिए 1100 सिलिकॉन स्ट्रिप डिटेक्टर माड्यूल्स की आपूर्ति की गई है ।

भौतिकी के प्रयोगों में उपयोग के लिए Am-241 से 5.48 MeV अल्फा के लिए 20 keV से बेहतर ऊर्जा विभेदन युक्त सिलिकॉन चार्ज्ड पार्टिकल डिटेक्टरों का विकास किया गया है ।

मेसर्स आप्टो सर्किट्स (इंडिया) लिमिटेड को कार्डियाक आउटपुट मानीटर टेक्नोलॉजी हस्तांतरित की गई है ।

ग्रामीण टेलीमेडिसिन अनुप्रयोगों के लिए एक मोबाइल फोन के माध्यम से ईसीजी तरंगों को भेजे जाने में सक्षम एक हस्तधारी टेली-ईसीजी मशीन का विकास किया गया है ।

प्रोटोटाइप सुपर कंडक्टिंग मोटर की रोटर असेंबली के लिए उच्च Tc सुपरकंडक्टर 123 कंपाउंड के घटकों का संविरचन किया गया है । मोटर ने बिना लोड सफलतापूर्वक 77 K तुल्यकालिक गति प्राप्त की है ।

रिमोट हस्तन एवं रोबोटिक्स के क्षेत्र में भापअ केंद्र ने म्यूटेशन संसूचन एवं जीन अभिव्यक्ति विश्लेषण के लिए एक अद्यतन डीएनए माइक्रोएरेयर का विकास किया है । इसमें एक माइक्रोन की स्थितिकीय बारंबारता तथा 7000 जीन्स प्रति स्लाइड सहित 75 स्लाइड्स प्रति बैच का संवेश प्रवाह है ।

भापअ केंद्र की प्रौद्योगिकी की आधार पर वर्तमान में देश में विभिन्न अस्पतालों में कोबाल्ट टेली-थेरेपी मशीन "भाभाट्रान" की 9 यूनिटों की स्थापना की गई है ।

कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में लार्ज डाटा ग्रिड सेंटर्स मानिटरिंग के लिए डीएई-सर्न सहयोग के अंतर्गत कंप्यूटर डिविजन द्वारा "ग्रिडवीव" को सर्न के एलएचसी कंप्यूटिंग ग्रिड (एलसीजी) में उत्पादन पर्यावरण में स्थापित किया गया । डीएई ने 3 अक्तूबर 2008 को, एलएचसी ग्रिड को पूरे विश्व में वीडियों कान्फ्रेंसिंग द्वारा औपचारिक उद्घाटन के यमय आयोजित समारोह "एलएचसी ग्रिड फेस्ट" में भाग लिया था ।

प्रोग्राम्स एण्ड रिसोर्सेस लिंकेज सिस्टम, "परिनय" और ऑनलाइन वर्क रिपोर्टिंग सिस्टम, ओसीआर भापअ केंद्र में पूरी तरह से परिचालित हो गए हैं । बीएआरसी के बाहर से दो फैक्टर अथेंटिकेशन का उपयोग करते हुए बीएआरसी ईमेल के लिए सुरक्षित अभिगम्यता उपलब्ध करायी गयी है ।

कलपाक्कम में नाभिकीय निर्लवणीकरण निदर्शन परियोजना के एक भाग के रूप में मल्टी स्टेज फ्लैश (एमएसएफ) निर्लवणीकरण संयंत्र के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है । यह विश्व का सबसे बड़ा नाभिकीय निर्लवणीकरण संयंत्र है जिसके द्वारा समुद्री जल से प्रतिदिन आसवित गुणवत्ता वाला 4.5 मिलियन लीटर जल उत्पादित किया जा सकता है । झिल्ली आधारित पूर्वोपचार एवं अनुलोम परासरण (आरओ) प्रौद्योगिकी के आधार पर एक बार्ज आरूढ़ निर्लवणीकरण संयंत्र का अभिकल्पन, विकास एवं निर्माण किया गया है जिसके द्वारा समुद्री जल से प्रतिदिन 50, 000 लीटर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा । इसे समुद्री किनारे पर रहने वाले लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए किनारे के साथ एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है ।

इन दो निर्लवणीकरण संयंत्रों का उद्घाटन आज अपराह्न में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा ।

सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके पेयजल के लिए एक नयी प्रकाश उत्प्रेरित कीटाणुरहित प्रणाली का विकास किया गया है । इस किफायती प्रणाली का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य स्रोतों से प्राप्त होने वाले पानी के शुद्धीकरण में किया जा सकता है ।

इन्स्ट्रूमेंट विकास के क्षेत्र में एक 200 fs विभेदन समय वाला फेमटोसेकंड क्षणिक अवशोषण स्पेक्ट्रोमीटर का सफलतापूर्वक कमीशनन किया गया है । एक स्वदेश विकसित आप्टिकल पैरामिट्रिक एम्प्लीफायर (ओपीए) से उत्पादित प्रोब आईआर किरणपुंज का डिफरेंस फ्रीक्वेंसी सिस्टम (डीएफजी) के साथ युग्मन किया गया है ।

गैस फेस में अभिक्रिया गतिकी पर अध्ययन के लिए एक अद्यतन मालेक्युलर बीम (एम) - रेजोनेंस - एनहेन्स्ड मल्टीफोटान आयोनाइजेशन (आरईएमपीआई) - टाइम - ऑफ - फ्लाइट (टीओएफ) प्रणाली का विकास किया गया है । इसकी द्रव्यमान विभेदन क्षमता लगभग 400 तथा संसूचन संवेदनशीलता 10^6 स्पेसीज प्रति घन से.मी. है ।

भापअ केंद्र में निर्मित आयोडीन-125 ब्रेकीथेरेपी स्रोतों का उपयोग करके नेत्र कैंसर वाले रोगियों के उपचार के लिए दो और कैंसर केंद्रों ने भापअ केंद्र के रेडियाभेषज प्रभाग के साथ बहु केंद्रीय क्लिनिकल परीक्षण कार्यों में सहभागिता की एवं इसके द्वारा नेत्र कैंसर से पीड़ित लगभग 35 रोगियों को सुविधा प्रदान की गई ।

उच्च चिकित्सीय क्षमता वाले लुटेटियम-177 नामक एक रेडियो नाभिक को कैंसर रोगियों के उपचार के लिए दो बायोएक्टिव मालेक्यूल्स के रूप में रेडियो लेबलीकृत किया गया । यह एक फास्फोनेट है जो बोन मेटास्टेसिस से पीड़ित रोगियों के उपचार तथा एक पेप्टाइड द्वारा न्यूरो एण्डोक्राइम ट्यूमर्स से पीड़ित रोगियों के उपचार के लिए तैयार किया गया । इन दोनों उत्पादों पर एआईआईएमएस, नई दिल्ली में परीक्षण चल रहे हैं तथा उनके उत्साहजनक परिणाम मिले हैं ।

इंडस-2 से प्राप्त सिंक्रोट्रोन विकिरण के उपयोग हेतु बीमलाइन्स के विकास से संबंधित चल रहे कार्य में विभेदक एक्स किरण विवर्तन बीमलाइन का काम पूरा हो चुका है तथा उसे बेंडिंग मैग्नेट पोर्ट-11 पर कमीशन किया गया है ।

यूरेनियम समृद्धीकरण कार्यक्रम के लिए प्रगत गैस सेंट्रीफ्यूज के विकास में महत्वपूर्ण सफलता मिली है । प्रारंभिक डिजाइन से 10 गुना अधिक आउटपुट वाली अद्यतन चौथी पीढ़ी की डिजाइन का सफलतापूर्वक विकास किया गया है तथा एक प्रायोगिक कैस्केड भापअ केंद्र में प्रचालनरत है । आरएमपी में उपयोग हेतु यह बहुत शीघ्र तैयार हो जाएंगे । प्रारंभिक डिजाइन से 5 गुना आउटपुट वाली तीसरी पीढ़ी की डिजाइन का वर्तमान में आरएमपी में समावेशन किया जा रहा है ।

उच्च गति वाली रोटर प्रणाली के लिए कार्बन फाइबर कंपोजिट ट्यूब्स के विकास कार्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हुई है तथा 600 मीटर/सेकंड की सतह गति प्राप्त की गई है । इन रोटरों में सेंट्रीफ्यूज आउटपुट को बड़े स्तर पर बढ़ाने की क्षमता है । वर्तमान में इन रोटर प्रणालियों पर अनेक परीक्षण चल रहे हैं ।

जलांतर्गत नोदन हेतु एक संवृत चक्र ताप प्रणाली (सीसीटीएस) प्रौद्योगिकी का विनिर्दिष्ट पावर लेवल के लिए सफलतापूर्वक निदर्शन किया गया है । इसमें महत्वपूर्ण उपकरणों यथा - संहत बॉयलर रिएक्टर, लगभग 20 kW/लीटर रिएक्टर वाल्यूम पावर घनत्वयुक्त निमज्जित गैस इंजेक्शन एवं ट्रिगर प्रणाली का समावेश है । यह विकास कार्य भापअ केंद्र, मुंबई तथा नेवल साइन्स एण्ड टैक्नोलॉजी लेबोरेटरी, डीआरडीओ, विशाखापट्नम के बीच हस्ताक्षरित एक सहमति पत्र के अंतर्गत किया गया । यह प्रौद्योगिकी अन्य उप प्रणालियों के साथ समेकन, पैकेजिंग और नियोजन हेतु और अधिक विकास कार्य के लिए तैयार है ।

माइक्रो / नैनो प्रौद्योगिकी विकास कार्यक्रम के भाग के रूप में एमईएमएस आधारित 0 - 10 से लेकर 0 - 600 बार तक की रेंज वाले प्रेशर सेंसरों का विभिन्न डीएई अनुप्रयोगों के लिए विकास किया गया । रोबस्ट सेंसरों के विकास का कार्य जारी है ।

अल्ट्रा नैनों इंडेंटेशन फैसिलिटी की कमीशनिंग के साथ अब विभिन्न लेंग्थ स्केल पर यांत्रिकीय गुणों के मापन का कार्य किया जाना संभव हो गया । जबकि कंपोनेंट लेवल तक के बडे सैंपलों के परीक्षण की सुविधाएं पहले ही स्थापित की जा चुकी थीं । इस नयी सुविधा की उपलब्धता से अब हम 1-5 माइक्रोमीटर आकार वाले सैंपलों तथा 200 nm तक की तनु कोटिंग संबंधी यांत्रिकीय गुणों का मापन कर सकते हैं ।

खारघर, नवी मुंबई स्थित इलेक्ट्रान बीम सेंटर के 10 MeV इलेक्ट्रान त्वरक, जिसकी स्थापना उद्योगों यथा खाद्य संसाधन, पॉलीमर संसाधन तथा चिकित्सीय निर्जर्मीकरण उद्योगों के लिए की गई थी,

द्वारा 10 MeV इलेक्ट्रान ऊर्जा और 3 से 10 kW पावर के साथ प्रचालन कार्य शुरू कर दिया गया है। इस सुविधा का आज अपराह्न में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किया जाएगा ।

स्वदेश में विकसित इस त्वरक, जिसमें एक इलेक्ट्रान स्रोत, एक उच्च पावर वाला माइक्रोवेव जेनरेटर और एक रैखिक त्वरण संरचना मौजूद है, का विकास कार्य भापअ केंद्र और समीर के वैज्ञानिकों की अत्यंत निकट सहभागिता के कारण ही संभव हो सका है ।

निम्न ऊर्जा उच्च तीव्रता वाले प्रोटान त्वरक (एलईएचआईपीए) में अनुप्रयोग हेतु एक माइक्रोवेव इलेक्ट्रान साइक्लोट्रान रेजोनेन्स (ईसीआर) आधारित 3 इलेक्ट्रोड संरचना वाले प्रोटान स्रोत का विकास किया गया है । इसका 40 kV निष्कर्षण वोल्टता पर 42 mA की प्रोटान बीम करेंट हेतु परीक्षण किया गया है ।

कारगो स्कैनिंग अनुप्रयोग के लिए एक 10 MeV RF लिनाक का ईसीआईएल, हैदराबाद में समेकन किया गया है । भापअ केंद्र और ईसीआईएल द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किए जा रहे स्वदेशी लिनाक में LaB_6 कैथोड बेस, 50 keV इलेक्ट्रान स्रोत, ओएफएचसी कॉपर लिनाक स्ट्रक्चर और 2.856 GHz माइक्रोवेव स्रोत लगा हुआ है । यह लिनाक परीक्षणाधीन है तथा इसे एक्सरे जेनरेटर के साथ जोड़ा जाएगा ।

